# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर शाहपुरा जिला भीलवाड़ा
## पीठासीन अधिकारी– श्री महावीर प्रसाद नायक आर.ए.एस.

| प्रकरण सं0 – 01/2019 अपील | तारीख दायर 09.08.2019 | तारीख फैसला 14.10.2019 |
|---|---|---|

उनवान

खाना पिता कल्याण जाट निवासी सोला का खेड़ा तहसील शाहपुरा

– अपीलान्ट

बनाम

तहसीलदार शाहपुरा जिला भीलवाड़ा

–रेस्पोडेन्ट

**अपील विरूद्ध नामान्तरकरण संख्या 219 दिनांक 10.09.2015 पटवार हल्का प्रतापपुरा तहसील शाहपुरा जिला भीलवाड़ा**

उपस्थित :– श्री रामप्रसाद जाट
अभिभाषक अपीलान्ट

## –:: निर्णय ::–

अपील के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है :– अपीलान्ट ने अपील विरूद्ध नामान्तरकरण संख्या 219 दिनांक 10.09.2015 विरूद्ध रेस्पोडेन्ट तहसीलदार शाहपुरा के प्रस्तुत की गई, जिसके संक्षेप तथ्य इस प्रकार से है। अपीलान्ट ग्राम सोला के खेड़ा पटवार हल्का प्रतापपुरा तहसील शाहपुरा का मूल निवासी होकर कृषि आराजियात नामा0 संख्या 219 किता 5/243 रकबा 0.93 हैक्टेयर ग्राम सोला का खेड़ा में स्थित है। अपीलान्ट के निकट ग्राम जुवारों का खेड़ा में अपीलान्ट के हुबुहू नाम व जाति का व्यक्ति खाना पिता कल्याण जाट, जो कि जुवारों का खेड़ा का निवासी है। जिसके नामा. संख्या 143 खसरा संख्या 112 रकबा 0.75 हैक्टेयर ग्राम जुवारों का खेड़ा में स्थित है। जिसकी मृत्यु हो चुकी है। विरासत से उत्तराधिकारी सोहनी पत्नि खाना प्रहलाद, रामजस, गणेश, मूलचन्द, पिता खाना, समता, समोक पुत्रियां खाना के नाम का इन्तकाल दिनांक 10.09.2015 को खोला गया। अपीलान्ट जो कि वर्तमान में जीवित है, उसके उत्तराधिकारी सप्यारी देवी पत्नि भैरू पुत्र है। राशन कार्ड बना हुआ है। हल्का पटवारी की लापरवाही से अपीलान्ट को मृतक मानकर उत्तराधिकारियों के नाम इन्तकाल खोना गया है, जो कि गैरकानूनी व अवैध होने निरस्त योग्य है। अतः अपील अपीलान्ट स्वीकार फरमाई जाकर इन्तकाल संख्या 219 दिनांक 10.09.2015 ग्राम सोला का खेड़ा पटवार हल्का प्रतापपुरा तहसील शाहपुरा जिला भीलवाड़ा को निरस्त किए जाने का आदेश प्रदान करावें।

प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर रेस्पोडेन्ट को जरिये सम्मन तलब किया गया। दिनांक 24.0.2019 को रेस्पोडेन्ट बावजूद सम्मन तामिल उपस्थित नही होने से बहस अभिभाषक अपीलान्ट सुनी गई। बहस में अभिभाषक अपीलान्ट ने बताया कि खाना पिता

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलेक्टर
शाहपुरा (भीलवाड़ा)

Scanned by CamScanner

कल्याण जाट निवासी सोला का खेड़ा होकर उसकी जमीन ग्राम सोला का खेड़ा में स्थित है। खाना पिता कल्याण जाट निवासी जुवारों का खेड़ा का होकर उसकी जमीन जुवारों का खेड़ा में स्थित है। दोनों नामा0 प्रस्तुत किये गये है। जीवित व्यक्ति का प्रमाण पत्र भी पेश किया गया है। अतः नामा0 निरस्त किया जावें।

बहस पर मनन एवं प्रस्तुत राजस्व अभिलेख का अवलोकन किया गया। नामा0 219 दिनांक 10.09.2015 ग्राम सोला का खेड़ा अनुसार खाना पिता कल्याण जाट साकिन देह है, की मृत्यु से विरासत का इन्तकाल सोहनी पत्नी खाना प्रहलाद, रामजस, गणेश, मूलचन्द, पिता खाना, समता, समोक पुत्रियां खाना जाट सांकिन देह इन्द्राज किया गया है।

नामा0 143 दिनांक 10.09.2015 ग्राम जुवारों का खेड़ा अनुसार खाना पिता कल्याण जाट साकिन देह है, की मृत्यु से विरासत का इन्तकाल सोहनी पत्नी खाना प्रहलाद, रामजस, गणेश, मूलचन्द, पिता खाना, समता, समोक पुत्रियां खाना जाट सांकिन देह इन्द्राज किया गया है। सरपंच ग्राम पंचायत प्रतापपुरा द्वारा जीवित प्रमाण पत्र अनुसार खाना पिता कल्याण जाट निवासी सोला का खेड़ा अभी जीवित है, जबकि जुवारों का खेड़ा इसी नाम का व्यक्ति खाना पिता कल्याण जाट की मृत्यु हो चुकी है। परिवार राशन कार्ड संख्या 20001851435 ग्राम सोला का खेड़ा अपीलान्ट का राशन कार्ड बना हुआ होकर फोटोप्रति प्रकरण में प्रस्तुत की गई है।

उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि अपीलान्ट जीवित होते हुये भी उसको मृतक बताकर सरपंच ग्राम पंचायत प्रतापपुरा द्वारा इन्तकाल नम्बर 219 दिनांक 10.09.2015 को स्वीकार किया गया, जो विधि विरूद्ध है। अतः अपील अपीलान्ट स्वीकार किया जाना उचित समझता हूं।

**–:: आदेश ::–**

अपील अपीलान्ट स्वीकार की जाकर नामा0 संख्या 219 दिनांक 10.09.2015 ग्राम सोला का खेड़ा ग्राम पंचायत प्रतापपुरा पटवार हल्का प्रतापपुरा तहसील शाहपुरा जिला भीलवाड़ा निरस्त किया जाकर प्रकरण तहसीलदार शाहपुरा को इस निर्देश के साथ रिमाण्ड किया जाता है कि प्रकरण में नामा0 पुनः भरा जाकर विधिसम्मत जांच कर निर्णय पारित करें। निर्णय प्रमाणित प्रति तहसीलदार शाहपुरा को भेजी जाकर पालना हेतु लिखा जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

निर्णय आज दिनांक 14.10.2019 को सरे इजलास सुनाया गया।

उप खण्ड अधिकारी शाहपुरा (भीलवाड़ा)

(महावीर प्रसाद नायक)
आर0ए0एस0
उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर, शाहपुरा (भीलवाड़ा)

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर
शाहपुरा (भीलवाड़ा)

Scanned by CamScanner